आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

09.10.2023 समय : 1850

- पुलिस ने सेना की संवेदनशील सूचनाओं को कथित रूप से साझा करने के आरोप में एन.एस.आर.वाई में कार्यरत दो अनुबंधित कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद ने विभिन्न स्थानों पर लम्बे समय से पार्किंग में खड़े वाहनों को सात दिनों के भीतर हटाने को कहा है।
- मेरी माटी–मेरा देश अभियान के तहत दक्षिण अंडमान ज़िले के विभिन्न स्थानों पर अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।
- आयुषमान भव अभियान के तहत लिटिल अंडमान में दो दिवसीय प्रजनन और बाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में आमतौर पर मौसम खुष्क रहा।

<><><><><><>

सेना की संवेदनशील सूचनाओं को कथित रूप से साझा करने के आरोप में एन.एस. आर.वाई में कार्यरत दो अनुबंधित कर्मचारियों को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी अभिषेक कुमार गुप्ता नामक एक व्यक्ति पर जेट्टी क्षेत्र में संदिग्ध राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर कारवाई करते हुए सी.आई.डी की केन्द्रीय अपराध शाखा ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी को आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा इस वर्ष मार्च में एन.एस.आर.वाई में नियुक्ति दी गई थी और उसने व्हाट्सऐप तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से संवेदनशील जानकारियों को आगे साझा किया। एक महिला ने आरोपी को अपने जाल में फंसा कर पैसे के बदले सुरक्षा एजेंसियों से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं देने को कहा था। कथित तौर पर करीब बीस हजार रूपये की एवज़ में कई मौको पर संवेदनशील सूचनाएं देने की बात कही गई है। आरोपी ने इस कार्य में अपने एक सहकर्मी शांतनु बिश्वास को भी शामिल कर लिया था, जो उसकी अनुपस्थिति में सूचनाएं दे सके। शांतनु पश्चिम बंगाल के नादिया ज़िले का रहने वाला है। पैसे के बदले शांतनु ने भी अभिषेक को सूचनाएं दी। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार किया है और वे अब पुलिस रिमांड में है। इस मामले में आगे की कड़ी का खुलासा करने और अन्य लोगों के भी इसमें शामिल होने का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

<><><><><><>

नगरपालिका परिषद की ओर से शहर में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने की कोशिशें की जा रही है। इस सिलसिले में परिषद ने वाहनों को खड़े करने के सभी स्थानों का उपयोग कर इनका कुशल प्रबंधन करने का फैसला किया है। ऐसा देखा गया है कि कई इलाकों में सभी प्रकार के पुराने वाहन लम्बे समय से पार्किंग स्थलों में अवैध रूप से खड़े हुए हैं। परिषद ने अब ऐसे वाहनों के मालिकों से सात दिनों के भीतर अपने वाहनों को पार्किंग से हटाने को कहा है। ऐसा न करने पर पार्किंग से वाहनों को उठा लिया जाएगा और वाहन मालिक पर दस हजार रूपये का जुर्माना भी लगेगा। लोगों के सहयोग से शहर में बेहतर पार्किंग सुविधा बना कर यातायात को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><>

मेरी माटी—मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कल से बारह अक्तूबर तक दस स्थानों से मिट्टी इकट्ठा की जाएगी। कल डिगनाबाद उद्यान, हम्फ्रीगंज शहीद स्मारक और महात्मा गांधी राष्ट्रीय समुद्री उद्यान वन्डूर तट पर अमृत कलश यात्रा का आयोजन होगा। ग्यारह अक्तूबर को कार्बाइंस कोव तट, मरीना पार्क, गांधी पार्क और सेल्यूलर जेल से यात्रा निकाली जाएगी। बारह अक्तूबर को बलिदान बेदी हम्फ्रीगंज, रंगाचांग तट और वीर सावरकर पार्क से अमृत कलश यात्रा निकलेगी। इन स्थलों से इकट्ठा की गई मिट्टी को अमृत वाटिका के निर्माण के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी की ओर से आयुषमान भव अभियान के तहत लिटिल अंडमान में दो दिवसीय प्रजनन और बाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। अनिम्स के सहयोग से हटबे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ तहसीलदार कैस्पर जेम्स ने किया। उन्होंने बताया कि ज़िला प्रशासन की ओर से प्रत्येक ब्लॉक में विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान डॉक्टरों के एक दल ने ढाई सौ से अधिक लोगों की जांच कर परामर्श दिया। लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने को कहा गया है। कल आर.के. पुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर लगेगा।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान पुलिस को मुत्था नाला क्रीक में समुद्र में आधी डूबी एक लकड़ी की डिंगी मिली है। यह घटना अट्ठाईस जुलाई की है, जब किशोरीनगर आउट पोस्ट के एक दल ने तटीय क्षेत्र में अपनी गश्त के दौरान लोहा टिकरी के पास इस डिंगी को देखा। इस डिंगी में दो इंजन लगे थे, परंतु इसकी पहचान के लिए कोई चिह्न दिखाई नहीं दिया। पुलिस ने इस लावारिस डिंगी के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए आस—पास के क्षेत्र में खोज अभियान चलाया लेकिन इसकी कोई खबर हाथ नहीं लगी। पुलिस द्वारा डिंगी को ज़ब्त कर किशोरीनगर घाट लाया गया। कालीघाट पुलिस थाने में लावारिस डिंगी का चालान कर इसकी सूचना सभी पुलिस थानों में दी गई लेकिन कहीं से भी इसके गुम होने की कोई खबर नहीं मिली। पुलिस ने अब लोगों से इस डिंगी के दावे के लिए आगे आने की अपील की है। इस संबंध में चौदह दिनों के भीतर दावे को मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक या कालीघाट थाना प्रभारी के पास सीधे जाकर दावा जमा किया जा सकता है।

<><><><><><>

मुख्यभूमि के संस्थानों में रिक्त पड़ी बी.ए.एम.एस और पैरा मेडिकल की कुल पांच सीटों पर प्रवेश के लिए सोलह अक्तूबर को सचिवालय के सभागार में परामर्श आयोजित किया जाएगा। इनमें बी.ए.एम.एस की एक और पैरा मेडिकल की चार सीटें शामिल है। योग्यता सूची में नामित उम्मीदवारों से परामर्श में शामिल होने को कहा गया है। परामर्श शाम साढ़े तीन बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><>

जमशेदपुर में दो से आठ नवम्बर तक आयोजित होने वाली नौ वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप के वास्ते द्वीपसमूह के स्कूलों से तीन लड़के और तीन लड़कियों का चयन किया गया है। चयन के लिए कल राज्य स्तरीय ट्रायल आयोजित किया गया, जिसमें करीब चालीस युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। चुने गए खिलाड़ियों से कल तक अपनी सहमति भेजने को कहा गया है। निर्धारित तिथि के बाद अगले खिलाड़ी को मौका दिया जाएगा।

<><><><><><><>

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी और राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य विशाल जॉली, अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मजार पहाड़ निवासी पी. अप्पल नायडू के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज सवेरे निधन हो गया। वे अट्ठानब्बे वर्ष के थे।

<><><><><><><>

नशामुक्त अभियान के तहत समाज कल्याण निदेशालय की ओर से कल फिट फॉर लाईफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एन.सी.सी कडैटों को शामिल कर इस कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने फिटनेस के महत्व पर जानकारी दी और एक स्वस्थ जीवन के लिए फिटनेस के लाभ के बारे में बताया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आमतौर पर मौसम खुष्क रहा। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक मायाबंदर में नौ मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि पन्द्रह अक्तूबर तक द्वीपों के एकाध भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे।

<><><><><><><>

एम.वी भारत सीमा बारह अक्तूबर को लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, तेरेसा और कच्छाल होते हुए ननकौड़ी जाएगा। यह जहाज़ सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और पन्द्रह अक्तूबर को सुबह पांच बजे इसी मार्ग से होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा। जलयान नालंदा सत्रह अक्तूबर को ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा। यह जलयान सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और उन्नीस अक्तूबर को सुबह आठ बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा ।

<><><><><><><>